## खबर संक्षेप

### 26 दिसंबर को होगा भव्य कवि सम्मेलन



**मण्डला।** नगर मुख्यालय में 26 दिसंबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। जिसको लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। श्री मिश्रा ने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी (भारत रत्न) की जन्मजयंती है। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा की स्थापना भाजपा कार्यालय में की जा रही है। इसी के साथ अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 26 दिसंबर को एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन भाजपा कार्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया है। इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय कवि जगदीश मित्तल, मदन मोहन समर, सुदीप भोला मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसी के साथ अन्य कवियों के भी आने की जानकारी मिल रही है। बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मिश्रा, नीरज अग्रवाल, रंजीत कछवाहा, किशोर रजक, सुधीर कांसकार मुकेश सोनी, अनिल मिश्रा, इन्द्रेश बब्बल खरया, नवीन जैन अकेला, आशीष ज्योतिषी, अनमोल अग्रवाल, रोहित बघेल, विजय अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 24 दिसंबर को सुशासन दिवस की ली जायेगी शपथ

**मण्डला।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी के द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुये उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 24 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन की शपथ ली जावेगी।

### ईव्हीएम-वीवीपीएटी वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 23 दिसंबर को

**मण्डला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में 23 दिसंबर को अपरान्ह 1:30 बजे रानी फूलकुंवर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे स्थित ईव्हीएम/व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण वेयर हाउस को खोलकर किया जाएगा। सभी राजनैतिक पार्टियों से 23 दिसंबर को निर्धारित समय पर ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस में स्वतः उपस्थित रहने अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को भेजने को कहा गया है।

### कौशिक महाराज कल मंडला पहुंचेंगे

**मंडला।** प्रसिद्ध कथावाचक कौशिक जी महाराज लगभग 1000 नर्मदा भक्तों के साथ परिक्रमा करते हुए कल शाम मंडला पहुंचेंगे तुलसी तपोवन में भक्तों से भेंट करेंगे उन्होंने ओंकारेश्वर से नर्मदा परिक्रमा प्रारंभ की है यह नर्मदा परिक्रमा 4 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलेगी।

## कर्मचारी को इतना किया प्रताड़ित कि वह हो गया अर्धविक्षिप्त

# क्या सुपारी लेकर आदेश निकाल रहे अधिकारी


* शासकीय आदेशों को बनाया जा रहा मजाक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

**"मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक। पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक।।"** यह कहावत इस बात को बताती है की मुखिया को मुंह के समान होना चाहिए जो अपने माध्यम से भोजन ग्रहण करता है लेकिन शरीर के सभी अंगों की बिना किसी पक्षपात के पोषण करने में सहायक सिद्ध होता है और इसी सीख को चरितार्थ करते हुए किसी भी संस्था समूह या विभाग के मुखिया या वरिष्ठ अधिकारी की यह जिम्मेदारी होती है कि वह अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों का न केवल ध्यान रखें बल्कि उनके सुख-दुख में बराबरी से खड़ा भी हो विपरीत परिस्थितियों में वह उनकी रक्षा भी करें लेकिन यदि यही अधिकारी अपने मातहत काम करने वाले कर्मचारियों को प्रताड़ित करने लग जाएंगे तो फिर उन कर्मचारियों को बचाएगा कौन?

इसी तरह का एक प्रकरण पिछले कुछ दिनों से न केवल सोशल मीडिया में चर्चा में रहा बल्कि अब तो यह सड़क तक आ पहुंचा है प्रताड़ना का शिकार कर्मचारी जहां अपने जीवन से संघर्ष कर रहा है नागपुर में उपचाररत है तो वहीं उसके सहयोगी सभी सड़क पर उतरकर उन अधिकारियों के खिलाफ हल्ला बोल रहे हैं जिनकी हठधर्मिता एवं चापलूसी के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।





### क्या है मामला

मामला है मंडला राजस्व विभाग का यहां पदस्थ एक पटवारी को विभागीय अधिकारियों द्वारा इतना प्रताड़ित किया गया कि वह अर्धविक्षिप्त हो गया यहां तक कि उसने अपने आपको कमरे में बंद कर लिया और फिर उस दौरान भावावेश में कुछ भी बड़ी घटना हो सकती थी लेकिन तुरंत ही परिजनों ने ताला तोड़कर उक्त कर्मचारी को बाहर निकाला और उसके बाद अन्य लोगों को जानकारी हुई कि यह व्यक्ति कितनी मानसिक प्रताड़ना झेल रहा था हालांकि इसी प्रताड़ना के दौरान उसने एक पोस्ट कुछ ग्रुप में डाली इसके बाद उससे परिचित लोग हरकत में आए और उसकी सहायता के लिए खड़े हुए।

संदीप कुशवाहा नाम के एक पटवारी को सिर्फ इस काम से पिछले तीन माह से प्रताड़ित किया जा रहा है कि वह किसी ऐसे व्यक्ति का रिश्तेदार है जिससे कुछ लोगों को दिक्कत हो रही है और उस व्यक्ति को परेशान करने के लिए इस पटवारी को मोहरा बनाया गया पहले इसे इसके कार्य को लेकर बुरा भला कहा गया फिर इसे निलंबित करने की धमकी दी गई और कारण बताओं नोटिस जारी किया गया जिसमें उल्लेख किया गया कि आपके काम की प्रगति संतोषजनक नहीं है तो क्यों ना तुम पर कार्रवाई करते हुए तुम्हें दंडित किया जाए और जब इस कारण बताओ नोटिस का उसने बहुत ही सधा जवाब मय तथ्यों के दिया तो अधिकारियों के होश उड़ गए उसने यह सूची भी जवाब के साथ दी कि मेरा कार्य यदि संतोषजनक नहीं है तो इससे भी ज्यादा असंतोषजनक कार्य करने वाले ऐसे सैकड़ो कर्मचारी हैं जिनके नाम इस सूची में है यदि मुझे दंडित करने की बात कही जा रही है तो फिर इन पर भी क्या कार्रवाई होगी या पहले इन पर कार्रवाई होनी चाहिए जवाब के जवाब में अधिकारियों के पास कुछ रहा नहीं तो फिर दूसरा हाथकंडा अपनाया गया किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा इसकी शिकायत कराई गई जिस शिकायत पत्र में यह लिखा गया कि संदीप कुशवाहा द्वारा भोली भाली जनता को लूटा जा रहा है अपने एवं अपने रिश्तेदारों के नाम पर किसने बड़ी जमीन जायदाद ली है तथा बहुत सारा पैसा अलग-अलग बैंकों में इसका जमा है जो कि खुद के नाम पर एवं परिजनों के नाम पर है संदीप कुशवाह बिना पैसे लिए कोई काम नहीं करता जिससे आम जनता परेशान है गरीबों का तो कोई काम नहीं करता संदीप की जमीन जायदाद पैसे की जांच कराई जाए उसे नौकरी से अलग कर घर में बैठाया जाए और हो सके तो जेल भी भेज दिया जाए।

इस पत्र के आधार पर संदीप को अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने लगा उसे कहा गया कि तुम्हें निलंबित कर दिया गया है और एक-दो दिन में तुम्हारा निलंबन का आदेश तुम्हें मिल जाएगा अब आप कल्पना कीजिए कि किसी ईमानदार कर्मचारी को यदि उसकी नौकरी से निलंबित किया जाए तो वह उसके लिए डूब मरने वाली बात होती है इससे न केवल उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित होती है बल्कि पत्नि, बच्चों के सामने शर्मिंदा भी होना पड़ता है और यही सब चिंता संदीप को परेशान करने लगी उसे कहा तो जाता रहा कि तुम्हारा निलंबन आदेश निकल चुका है लेकिन उसे दिया नहीं जा रहा था अब इस तरह से मानसिक प्रताड़ना देकर अधिकारी आखिर उसे क्या काम करवाना चाह रहे थे जब संदीप नहीं झुका तो फिर 2 सितंबर को जारी निलंबन का आदेश उसे 15 सितंबर के आसपास दिया गया निलंबन के बाद संदीप द्वारा लगातार यह मांग की जाती रही कि जिसने शिकायत की है उस व्यक्ति का पता लगाया जाए दूसरा मेरी संपत्ति की मेरे बैंक खातों की जांच की जाए ताकि हकीकत सामने आ सके लेकिन ऐसा नहीं किया गया इस तरह से स्थिति लगभग दो माह चलती रही अभी पिछले 10-15 दिनों से उसे यह जरूर कहा जाने लगा कि तुम्हारी बहाली का आदेश बन रहा है तुम्हें जल्द ही बहाल कर दिया जाएगा लेकिन जब रोजाना उसे यूं ही बहलाया जाता रहा तो उसके बर्दाश्त करने की सीमा ने जवाब दे दिया बताया जाता है कि वह पिछले कई दिनों से सोया नहीं था और इसी मानसिक प्रताड़ना के चलते उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया और अब स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि कभी भी कुछ भी हो सकता है।

जब पानी सिर से ऊपर आ गया, सोशल मीडिया में प्रशासन की भद्द पिटने लगी तो आनन-फानन में तहसीलदार एवं एडीएम उसके घर पहुंचे और पिछली तारीख का बहाली का आदेश उसके मित्र के मोबाइल में व्हाट्सएप किया गया और स्थिति को संभालने का प्रयास किया गया।

इस पूरे घटनाक्रम में कुछ सवाल है जो जिले की प्रशासकीय व्यवस्था की न केवल पोल खोलते हैं बल्कि इनकी असलियत भी बयां करते हैं कि कैसे शासकीय आदेशों को इन्होंने घर की मूली समझ रखा है कैसे किसी का निलंबन देश जारी होने के 15 दिन बाद उसे दिया जाता है और इस दौरान उससे समझौते का प्रयास जारी रहता है और जब स्थिति काबू में नहीं रहती तो फिर पिछली तारीख का बहाली का आदेश जारी कर दिया जाता है यदि अधिकारी अपनी जगह सही थे तो फिर इस तरह से घुटनों में कैसे आ गए शिकायतकर्ता कौन है आज तक इसकी जांच क्यों नहीं की गई उससे क्यों नहीं पूछा गया कि जमीन यदि है तो कहां है जायदाद है तो कहां-कहां है बैंकों में पैसा है तो कौन से बैंक में है किसके नाम से है हवा हवाई शिकायत पर एक ईमानदार को प्रताड़ित करना वह भी उस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा निश्चित रूप से अत्यंत शर्मनाक है।

### कॉलेज चलो अभियान का शुभारंभ

मण्डला। कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन श्रीमती सम्पतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम के मुख्य अतिथ्यि, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सक्लेचा तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सत्र 2026-27 के लिए कॉलेज चलो अभियान का विमोचन किया गया। ज्ञात हो कि शासन द्वारा 12वीं के विद्यार्थियों को प्रवेश पूर्व कॉलेज की सम्पूर्ण प्रक्रियाओ से अवगत कराने हेतु प्रतिवर्ष कॉलेज चलो अभियान चलाया जाता है, ताकि 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु परेषान न होना पड़े। इस अवसर पर जिलान्तर्गत स्कूलो से उपस्थित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित नई षिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत पाठ्यक्रम रोजगार मूलक सभी पाठ्यक्रम पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवास सहायता योजना, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, मुख्यमंत्री विद्यार्थी जनकल्याण, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना की जानकारी प्राचार्य डॉ. अनिल गुप्ता एवं संबंधित प्राध्यापकों द्वारा विस्तार पूर्वक दी गई। सभा के मुख्य द्वार पर इन सभी योजनाएँ संबंधित स्टॉल लगाया गया। स्टॉल में डॉ. एस.एस. ज्योतिषी, डॉ.बी.टेम्भरे, डॉ. पी.एल. झारिया, डॉ. दिलीप दुबे, डॉ. जुडिका कुजूर, डॉ. अंकिता बिसेन, डॉ. पुरूषोत्तम भवरे के द्वारा रोजगार, स्वरोजगार कॅरियर मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय में लैब सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया, जिनका अवलोकन कर मुख्य अतिथि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रशंसा की गई। महाविद्यालय में पुस्तक स्टेशनरी प्रदाय की जानकारी डॉ. एस.आर. बघेल द्वारा दी गई।

## सीईओ श्री मीना ने किया वृक्षारोपण कार्य का अवलोकन

* नैनपुर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना ने शुक्रवार को नैनपुर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत इंद्री पहुंचकर श्रीमती मीना पटेल के खेत पर एक बगिया माँ के नाम अभियान के तहत किए गए वृक्षारोपण कार्य का अवलोकन कर किये गए कार्यों की सराहना की।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह की दीदियाँ मछली पालन और सिंघाड़ा उत्पादन जैसी आय मूलक गतिविधियों से जुड़ें, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकेगी। सीईओ श्री मीना ने समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके कार्यों की जानकारी ली और इन गतिविधियों को और अधिक विस्तार देने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन दिया।

दौरे के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री मीना ने ग्राम पंचायत तिलई में गोंड़ी पेंटिंग करने वाले दो समूह के सदस्यों से विस्तार से चर्चा करते हुए उनके कार्य के विषय में जानकारी ली। गोंडी पेंटिंग के कार्य से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आए बदलाव के विषय में सार्थक संवाद किया एवं गतिविधि को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत नैनपुर श्री विनोद मरावी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## आयोजन

### आकांक्षी विकासखण्ड के मापदण्डों पर खरे उतरेंगे तो मिलेंगे 3 करोड़।

# खेल आयोजन से विद्यार्थियों और शिक्षकों में उत्साह





* खेलमय हुआ नारायण गंज विकासखण्ड।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज

इन दिनों विकासखण्ड नारायणगंज में संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संकुल केंद्र बबलिया एवं मंगलगंज में प्रतियोगिता संपन्न हो चुकी हैं। वर्तमान में संकुल केंद्र बम्हनी (भवाल), मानेगांव एवं माड़ोगढ़ में खेल कूद प्रतियोगिता चल रहीं हैं।

विकासखण्ड नारायणगंज में जहां विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डीके सिंगौर के नवाचार मेरा विद्यालय सुंदर विद्यालय से विकासखण्ड के 90 प्रतिशत विद्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त हुई है, एवं विद्यार्थियों के लिए शिक्षानुकूल वातावरण तैयार हो रहा हैं वहीं वर्षों बाद आयोजित हो रही संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता से विकासखण्ड नारायणगंज का माहौल उमंग से सराबोर होकर खेलमय हो गया है। संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगियों के आयोजन के माध्यम से दूरस्थ अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाने हेतु प्रशंसनीय प्रयास किया जा रहा है।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तावित संकल्प प्रस्तावों एवं शिक्षा स्थाई समिति अध्यक्ष अविनाश शर्मा के आग्रह पर शिक्षा स्थाई समिति नारायणगंज की बैठक में पारित संकल्प प्रस्ताव के तहत विकासखण्ड में संकुल प्राचार्यों के मार्गदर्शन में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का सफलता पूर्वक आयोजन हो रहा है। विद्यार्थियों में उमंग का माहौल तब देखने को मिला, जब विकासखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन के माध्यम से बताया कि विकासखण्ड नारायणगंज को केंद्र की आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम में शामिल किया गया है। जिसमें आकांक्षी विकासखण्ड के लिए 11 इंडिकेटर्स निर्धारित किए गए है। इन इंडिकेटर्स को पूर्ण करने पर विकासखण्ड को तीन करोड़ रूपये की राशि ईनाम के रूप में प्रदान की जाएगी जो विकासखण्ड को अग्रणी बनाने में उपयोग की जाएगी।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ये प्रतियोगिताएं आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के इंडिकेटर्स को संतृप्त करने में सीढ़ी का कार्य करेंगी। कार्यक्रम में विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड नारायणगंज को आकांक्षी विकासखण्ड बनाने के लिए शिक्षा विभाग प्रतिबद्ध है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाजार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठाक पिता\पति संदीप ठाक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार बर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः बसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# कलेक्टर के आदेश को दर किनार करते हुये सड़कों पर मौत का सायरन बजाते हुये दौड़ रही एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली वाले ट्रेक्टर, स्थानीय स्तर के अधिकारियों की अनदेखी संरक्षण मुद्रा में हो रही प्रतीत...?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

जहां एक ओर आये दिन आरटीओं से लेकर पुलिस अधिकारियों को छोटे मोटे वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढाते हुये उनके खिलाफ कार्यवाही करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर हर साल जिस तरह क्षेत्र की सड़को पर नियम विरूद्व एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली का उपयोग करने वालों को जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जाता है वह निश्चित ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस वर्ष गन्ना का सीजन शुरू होते हुये फिर क्षेत्र की सड़को पर एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये मौत का सायरन बजाते हुये दिखाई देना शुरू हो गया है। इस सच्चाई को बीते हुये दिनों क्षेत्र के दौरे पर निकली हुई जिला कलेक्टर ने देखा तो वह भी हैरत में पड़ने से नही चूकी थी और इस तरह डबल ट्राली लगाते हुये दौड़ने वाले ट्रेक्टरों के खिलाफ अपने सामने ही कार्यवाही कराने के साथ ही क्षेत्र की पुलिस सहित परिवहन विभाग के अधिकारियों को इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही के आदेश जारी किये गये थें। मगर हैरत की बात यह है कि जिला कलेक्टर द्वारा आदेश यिे जाने के बाद भी इस तरह नियम विरूद्व डबल ट्राली लगातार दौड़ने वाले इन ट्रेक्टर चालको के खिलाफ स्थानीय स्तर पर किसी तरह की कार्यवाही होते हुये दिखाई नही दे रही है और डबल ट्राली वाले ट्रेक्टर आज भी खुलेआम मौत का सायरन बजाते हुये दौड़ते हुये देखे जा रहे है..। इस सच्चाई को देखते हुये लोग यह कहने से नही चूक रहे है कि शायद जिला कलेक्टर के आदेश का पालन स्थानीय स्तर के अधिकारी जरूरी नही समझते है..? खैर सच्चाई जो भी हो मगर जिला कलेक्टर के आदेश दिये जाने के बाद भी स्थानीय स्तर पर कार्यवाही नही होने







का परिणाम है कि इस तरह डबल ट्राली लगाकर सड़को पर दौड़ाने वालो की मनमानी इस तरह देखने मिल रही है कि ट्रेक्टर ट्रालियों का भार सहन नही करने की स्थिति में वह सड़क पर कम और हवा में उजगते हुये अधिक दिखाई देने से नही चूक पा रहे है। जबकि गौर किया जावे तो इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये चलने वाले ट्रेक्टर के चलते कुछ दिनों पहले सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम घघरौला पटना में घटित हुये एक घटना में युवक की मौत हो चुकी है। वही दूसरी ओर सांईखेड़ा मार्ग पर आये दिन घटनाये घटित होते हुये देखी जा रही है। इन डबल ट्राली वाले ट्रेक्टर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह ट्रेक्टर कोई किसानों के नही होते है यह तो दूसरे प्रांत से आये हुये उन लोगों के होते है जो अपने निजी स्वार्थ व डीजल बचाने के चक्कर में धड़ल्ले से नियमों को दर किनार करते हुये लोगों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ करते हुये देखे जाने के बाद भी इनकी मनमानी को अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जाना निश्चित तौर से संरक्षण की मुद्रा की ओर संकेत देने से नही चूक रहा है..? क्योंकि प्रतिवर्ष देखा जाता है कि गन्ना सीजन शुरू होते ही क्षेत्र की सड़को पर गन्ना ढोने वाली डबल ट्रालियों की धमाचौकड़ी शुरू हो जाती है जो इस वर्ष भी देखने मिल रही है। इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाना जहां यातायात नियमों के खिलाफ माना जाता है। मगर इसके बाद भी पुलिस लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किया जाना एक बड़े खतरे की ओर संकेत देते हुये जान पड़ रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये इस वर्ष जिला कलेक्टर रजनी सिंह द्वारा इस मामले को गंभीरता लेने के साथ आम लोगों की जिन्दगी को सुरक्षित करने की सोच के चलते इन ट्रेक्टर ट्रालियों के खिलाफ कार्यवाही के आदेश दिये जाने के चलते लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। मगर जिला कलेक्टर के आदेश को जिस प्रकार से स्थानीय स्तर से लेकर यातायात विभाग तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है। कहा जाता है कि जिला कलेक्टर का आदेश हर विभाग के अधिकारियों को मानना जरूरी होता है। मगर यहां पर जिस तरह कलेक्टर के आदेश की अव्हेलना होते हुये देखी जा रही है आमजन को हैरत में डालने से नही चूक पा रहा है..? इस प्रकार से क्षेत्र स्तर के अधिकारियों की चुप्पी का परिणाम है कि क्षेत्र की सड़को पर मौत का सायरन बजाते हुये एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये दौड़ाने वालों के हौसले बुलंद होने से नही चूक पा रहे है। गौर किया जावे तो इस समय नगर सहित गाडरवारा सहित सांईखेड़ा, सालीचौका, कौड़िया, खुलरी, सिहोरा, चीचली, पलोहा, बारहाबड़ा मार्ग सहित क्षेत्र की अन्य सड़कों पर खुलेआम एक ट्रेक्टर में डबल ट्रालियों का उपयोग दौड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है। इस संबंध में जब कुछ कानून के जानकारों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि किसी वाहन में अपने निर्धारित मापदंडो के अतिरिक्त उसका संचालन किया जाता है तो वह निश्चित ही नियम विरूद्व माना जाता है और इस प्रकार से एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर परिवहन करना गलत तथा इनसे आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने की बात से इंकार नही किया जा सकता है। यदि समय रहते हुये यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर दौड़ रही नियम विरूद्व डबल ट्रालियों के खिलाफ मुहिम शुरू नही की गई तो निश्चित क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

## खबर संक्षेप

### कांपते हाथो में पासबुक थाम लौट रहे पेंशन पाने वाले बृद्ध

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। सरकार वृद्धों को सुविधाएँ देने का तो दावा करती है पर स्वास्थ्य से लाचार वृद्ध महिलाएँ, पुरूष जीवन के आखिरी पड़ाव में किन कठिनाईयों का सामना कर रहे है, शायद इसकी पड़ताल कराने में प्रशासन कोई रूचि नहीं लेता है..? जिसका नतीजा है की वृद्ध जन घनघोर व्यवस्थाओं के आभावों में अपना शेष जीवन करने मजबूर होते हुए देखे जा रहे है। इसकी जीती जागती मिसाल इन दिनों शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। क्योंकि नपा से लेकर पंचायतों में बैठे हुए लोगों की उदासीनता का प्रमाण है कि आज भी अनेक वृद्व इस प्रकार के है जो इस योजना का लाभ लेने से बंचित दिखाई पड़ रहे है और वह आये दिन नपा या फिर पंचायत कार्यालयों के चक्कर काटते हुए देखे जाते है? इस संबंध बताया गया है कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धो, विकलांगो, विधवाओं को जो सरकार की ओर से मासिक पेंशन मिलती है उससे अनेक लोग आज भी वंचित चल रहे है। कभी कभी हालत इस प्रकार से देखने मिली है कि उन्हें 4 से 6 माह तक पेशन बैंक शाखाओं से प्राप्त नहीं हो पाती है, जिससे उन्हे आर्थिक दिक्कतों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है? इस संबंध में नगर के वृद्धो ने बताया कि वृद्धावस्था पेशन के वितरण में जो झमेला चल रहा है, वह असहनीय है, वृद्ध महिलाओं, पुरूषो को भले सरकार पेंशन के रूप अल्प राशि दे रही है पर उसका वितरण अनियमित हो रहा है, वृद्धावस्था पेशन पाने की आस में शरीरिक शिथिलता की मार झेल रहे वृद्ध जन बैंको में पहुँचते है तो उन्हे उत्तर मिलता है कि अभी उनके खाते में वृद्धावस्था पेंशन की राशि नही आयी है, जिसके चलते वह परेशान होते हुए दिखाई देते है?

### घर के अंदर प्रवेश कर महिला से मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम मेहरागांव निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर पर थी उसी समय गांव का गब्बर राजपूत आया और गंदी गंदी गालिया देने लगा और मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्राथिर्या की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बीच बचाव करने पर पिल गये डंडे

गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिव ग्राम बोहानी निवासी गजेन्द्र पिता ज्ञानी जाटव द्वासरा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस उसके घर के पास वही का निवासी अखिलेश जाटव गाली गुप्तार कर रहा था तो प्रार्थी द्वारा उसे रोकते हुये कहा कि यहां पर गाली मत बको। इसी बात को लेकर कुछ देर बात दीपक जाटव एक डंडा लेकर आया और प्रार्थी के साथ डंडा से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई वही जब प्रार्थी की पत्नी बीच बचाव करने के लिये पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पैसा मांगने पर होटल मैनेजर से मारपीट

गाडरवारा। नगर की कंचन होटल मैनेजर द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि रणदीप सिंह गुलाटी नामक व्यक्ति द्वारा कंचन होटल में दो दिन के लिये अपने मेहमानों के आने पर होटल का रूम बुक कराते हुये पैमेन्ट बाद में देने को कहा गया था। प्रार्थी जब गुलाटी की दुकान गया तो वहां पर नही मिला जिसके चलते उनकी पत्नी से पैमेन्ट देने को कहा गया। बीते हुये दिवस जब प्रार्थी अपने होटल में था उसी दौरान गुलाटी आया और गंदी गंदी गालिया देते हुये बोला की मेरी दुकान पैमेन्ट लेने क्या गया। जब प्रार्थी होटल मैनेजर द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई जान से मारने की धमकी दी गई।

# प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुये विश्नोई समाज द्वारा निकाली गई गुरु जम्भेश्वर महाराज की शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय विश्नोई समाज कार्यकारिणी समिति के तत्वावधान में बीते हुये शुक्रवार को पौष अमावस्या के पावन पर्व पर पर्यावरण संरक्षण के प्रणेता भगवान गुरु जम्भेश्वर महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बताया जाता है कि इस आयोजन के माध्यम से समाज ने 'प्रकृति प्रेम' और 'जीव दया' का सशक्त संदेश जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम का आरंभ प्रातः 7 बजे चौकी स्थित विश्नोई मंदिर में हवन-पूजन के साथ हुआ शुभारंभ हुआ। हुआ। यहाँ विधि-विधान से गुरु जम्भेश्वर महाराज की पूजा-अर्चना की गई और विश्व शांति एवं पर्यावरण रक्षा के संकल्प के साथ हवन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के बीच मंदिर परिसर भक्तिमय भजनों से सराबोर रहा। इसके उपरांत प्रातः 11 बजे मंदिर परिसर से से भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्ग यानि की चावड़ी से होते हुये महावीर भवन के पास से निकलते हुये शक्ति चौक, शिवालय चौक से होते हुये सब्जी मंडी के पास से निकलते हुये पुराना बस स्टैन्ड के पास से होते हुये पुरानी गल्ला मंडी से सराफा बाजार और नगर के हृदय स्थल झंडा चौक से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची जहां पर शोभा यात्रा का समापन हुआ। वही इस शोभा यात्रा का नगर में अनेक जगहों पर स्वागत किया गया। बताया जाता है कि इस शोभायात्रा की सबसे खास बात समाज का अनुशासन के बीच यात्रा में शामिल सभी महिलाएँ पारंपरिक गुलाबी वस्त्रों में और पुरुष सफेद वस्त्रों में क्रमबद्ध तरीके से चल रहे थे। समाज के युवा और बुजुर्ग हाथों में प्रकृति प्रेम और शाकाहार का संदेश देने वाली तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर 'धरती की पुकार-पेड़ बचाओ यार', 'पेड़ नहीं तो प्राण नहीं' और 'हरियाली ही खुशहाली है' जैसे प्रेरक नारे लिखे थे।

# जैन मुनियों के बारहाबड़ा पहुंचने पर किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा। कहा जाता है कि जब किसी गांव व शहर में यदि कोई संत व मुनियों के चरण पड़ जाते है तो वहां के लोग अपने आपको सौभाग्य शाली मानने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शुक्रवार को ग्राम बारहाबड़ा में देखने मिली। जहां पर जैन मुनियों के आगमन के चलते जहां संपूर्ण गांव में एक अनोखा महौल देखने मिल रहा था। वैसे तो देखा जावे ग्राम बारहाबड़ा में जैन समाज



के मात्र चंद घर ही है। इसके बाद भी जैन धर्म मानने वाले लोगों के आलवा संपूर्ण गांव के लोगों ने जिस तरह से जैन मुनियों का स्वागत करते हुये उनके दर्शनों के लिये भीड़ उमड़ते हुये देखी गई उसके चलते यह बात उजागर होने से नही चूकी कि लोगों के लिये किसी धर्म से नही बल्कि मुनियों के आर्शीवाद से मतलब होता है। बताया जाता है कि समीपस्थ तेंदूखेड़ा में आयोजित हुये जैन महोत्सव में शामिल होने के लिये आये हुये जैन मुनि अलग अलग स्थानों के लिये प्रस्थान कर रहे है। इसी के चलते बीते हुये दिवस पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर महाराज की अक्षुण्ण परंपरा के संवाहक, परम प्रभावी शिष्य मुनि श्री 108 सुब्रत सागर महाराज सहित अन्य मुनियों का ग्राम बारहाबड़ा मार्ग से होते हुये छिंदवाड़ा की ओर जा रहे है। इसी के चलते वह गाडरवारा से बारहाबड़ा मार्ग से होते हुये छिंदवाड़ा की ओर जा रहे जैन मुनियों को ग्रामवासियों द्वारा ग्राम पंचायत भवन में भव्य स्वागत करते हुये उनके दर्शन करने के साथ आर्शीवाद ग्रहण किया गया। बताया जाता है कि ग्राम बारहाबड़ा में जैन मुनियों के पहुंचने के चलते ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से आये हुये जैन बंधुओं द्वारा आहार विधि के तहत आहार दान देकर जैन बुंधुओं द्वारा महान पुण्य का अर्जन किया।

# मोबाईल ने देने पर पति ने पत्नी को मोटर साईकिल की चेन से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। निश्चित तौर से किसी भी प्रकार के नशे की लत का शिकार होने वाला व्यक्ति पूरे परिवार के लिये दुखदाई साबित होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर की गोकुलधाम कालोनी में देखने मिली है जहां पर शराब के आदि पत्नी द्वारा पत्नि द्वारा मोबाईल फोन न देने की बात को लेकर अपनी पत्नी सहित पुत्र के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर की गोकुल धाम कालोनी विवेकानंद वार्ड निवासी एक



महिला द्वारा अपने पति के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसका पति शराब पीने का आदि है जो शराब पीकर आये दिन परेशान करने से नही चूकता है। बीते हुये दिवस जब उसका पति योगेन्द्र पटैल शराब के नशे में आ रहा था तो खुद का मोबाईल कही गिराने के चलते मोबाईल फोन खराब हो गया था। इसके बाद जब पति ने अपनी पत्नी का मोबाईल मांगा तो उसने अपना मोबाईल फोन देने से इंकार किये जाने की बात को लेकर आरोपी पति द्वारा मोटर साईकिल की चेन से पत्नी के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। वही जब अपनी माँ को पिटते हुये देख पुत्र बीच बचाव करने के लिये आया तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## ट्रेक्टर की टक्कर से वाईक चालक घायल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

इस समय सड़कों पर जिस तरह अकुशल व कम उम्र के बच्चे जिस तरह तेज गति व लापरवाही पूर्वक ट्रेक्टर ट्राली दौड़ाते हुये देखे जा रहे है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा होने से नही चूक पा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ ग्राम बोहानी



के पास उस समय देखने मिली जब एक ट्रेक्टर चालक द्वारा अपने ट्रेक्टर ट्राली को तेज गति व लापरवाही पूर्वक मोटर साईकिल को ओवर टेक करते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते बाइक सवार दो युवकों को चोटे आई। घटना के संबंध में समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कौड़िया निवासी संजू पिता गनपत जाटव उम्र 20 साल द्वारा अपनी शिकायत में बताया है कि मै अपने साथी नारायण जाटव की मोटर साईकल पर बैठकर ग्राम कुसमी से कोडिया जा रहा था तभी रास्ते में ग्राम बोहानी पचौरी गैस ऐजेन्सी के पास एक अज्ञात ट्रेक्टर ट्राली के चालक के द्वारा पीछे से तेज गति लापरवाही पूर्वक अपने ट्रेक्टर ट्राली को चलाकर मोटर साईकल को ओवरटेक कर ट्रेक्टर ट्राली के पीछे के हिस्से से टक्कर मार दी गई। जिसके चलते प्रार्थी संजू जाटव व उसका साथी नारायण पिता धनराज जाटव उम्र 22 वर्ष निवासी खिरिया को चोटे आने के चलते पुलिस द्वारा अज्ञात ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लेकर आरोपी व ट्रेक्टर ट्राली की खोजबीन की जा रही है।

## धान एकत्र नही किये जाने पर पति पत्नी से की मारपीट

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम खिरिया निवासी एक मजदूर वर्ग के युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि वह केशव मेहरा के खेत पर काम करता है। बीते हुये दिवस जब प्रार्थी व उसकी पत्नी खेत पर धान की कटाई करने के बाद घर जाने लगे तो केशव मेहरा खेत पर शराब के नशे में पहुंचा और बोला की जब तक खेत की पूरी धान एकत्र नही हो जाती है तब तक तुम घर नही जा सकते है। इस बात पर प्रार्थी बोला की शेष धान को बाद में एकत्र कर देगे। इसी बात पर आरोपी द्वारा प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी की पत्नी ने आरोपी को गाली देने से मना किया तो पति पत्नी दोनों के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई।

## कौड़िया व सालीचौका में ताश पत्तों पर दांव लगने वाले लगे पुलिस के हाथ

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जुंआ के अवैध कारोबार को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने के सख्त आदेश जारी किये गये है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा समीपस्थ ग्राम कौड़िया व सालीचौका में ताश पत्तों पर हार जीत का दांव लगाने वालों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम कौड़िया में जुंआ चल रहा है। इस सूचना के आधार पर जब पुलिस द्वारा अचानक छापा मारा गया तो मौके पर विक्की पिता प्रदीप जैन उम्र 39 साल निवासी जवाहार वार्ड गाडरवारा, मनीष पिता शंकर लाल महोविया उम्र 29 साल, कमलेश पिता बच्चू जाटव उम्र 40 साल, महेन्द्र महोविया पिता परशराम महोविया उम्र 24 साल, विकास पिता श्रीलाल जाटव उम्र 39 साल निवासी कौड़िया को जुंआ खेलते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से ताश पत्ते सहित नगदी 1550 रूपया जप्त किये गये।

# शासकीय महाविद्यालय में सीआईएसएफ द्वारा पुलिस कम्युनिटी के अंतर्गत करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम किया आयोजित



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। छात्र छात्राओं के लिये बीते हुये दिवस नगर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) द्वारा पुलिस कम्युनिटी प्रोग्राम के अंतर्गत रोजगार एवं करियर मार्गदर्शन से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में लगभग 150 छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। वही इस अवसर पर सह-समादेष्टा कृष्ण कुमार पचौरी, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य पी एस कौरव, निरीक्षक ब्रजेश कुमार, महिला उप निरीक्षक सरिता मरकाम, उप निरीक्षक राजेश कुमार, लायजन ऑफिसर जितेन्द्र रघुवंशी, संतोष कुमार यादव तथा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ तथा CISF बल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम का संचालन, जितेन्द्र रघुवंशी, CISF/LO द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान महिला उप निरीक्षक सरिता मरकाम द्वारा छात्र–छात्राओं को विभिन्न भर्तियों से संबंधित ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने उपलब्ध रिक्तियों, फिजिकल एवं मेडिकल परीक्षा की प्रक्रिया, मानदंडों एवं तैयारी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सह-समादेष्टा कृष्ण कुमार पचौरी ने केंद्रीय आर्म्ड पुलिस बलों एवं अर्द्धसैनिक बलो के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से 10% महिला आरक्षण, महिला रिज़र्व बटालियन तथा महिला कमांडो विंग जैसी व्यवस्थाओं के बारे में बताते हुए छात्राओं को सुरक्षा बलों में करियर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत CISF इकाई प्रभारी श्रेय कुमार पाण्डेय के सानिध्य में एक सराहनीय एवं मानवीय पहल के रूप में बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रो को CISF परिवार की ओर से 100 फॉर्म शुल्क सहायता स्वरूप प्रदान किया जायेगा, जिससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहन मिल सके। छात्र–छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अपने प्रश्नों के माध्यम से शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

## कौड़िया शमशान घाट क्षेत्र बना आसामजिक तत्वों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज/कौड़िया। जहां शासन द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवसथा कायम रखने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त आदेश जारी करते हुए लगातार गस्त करने के लिये निर्देशित किया जा रहा है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि पुलिस की गस्त व्यवसथा दुरूस्त न होने का परिणाम है कि ग्राम कौड़यि का शमशान घाट क्षेत्र में शाम होते ही आसामजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। जिसके चलते इस क्षेत्र में जहां देर रात तक शराबियों का बोलबाला रहता है? वही यहां पर अनेक रंगीन मिजाज के लोगों के एकत्र होने के कारण अनेक प्रकार के अश्लील दृश्य भी देखने मिल रहे है..? जिसमें बताया जाता है कि मनचलों द्वारा कुछ बाहरी मनचले किस्म के महिलाओं व पुरूषों का जमावड़ा लगा रहे से पूर्णरूप से इस क्षेत्र को अपनी अश्लीलता का क्षेत्र बनते हुए दिखाई देने लगा है। ज्ञात हो कि इस जगह से ही गाडरवारा करेली मार्ग लगा होने के कारण इस मार्ग से देर रात तक लोगों का निकलना लगा रहता है। वही दूसरी ओर महिलाओं का भी आना जाना बना रहने के कारण जब इस प्रकार के कृत्य चलते है तो यहां से निकालने वाले लोगों सहित यहां पर रहने वाले सभ्य परिवार के लोगों को जहां परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? वही दूसरी ओर सड़क मार्ग से निकलने वाली महिलाओं के साथ भी यहां पर मौजूद रहने वाले आसामजिक तत्वों द्वारा छीटाकशी करने से नही चूकते है जिसके चलते महिलाओं को इस क्षेत्र से गुजरना दुभर होता जा रहा है। क्षेत्र के लोगो द्वारा पुलिस प्रशासन से गुहार लगाते हुए मांग की गई है कि शाम के समय शमशान घाट क्षेत्र में बिगड़ रही स्थिति को ध्यान में रखते हुए यहां पर अपनी गस्त व्यवस्था चौकस की जावे, जिससे ग्राम व क्षेत्र की शांति व्यवसथा भंग होने से बच सके।

## क्रिसमस पर्व की तैयारियाँ जोरों पर

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय मेथोडिस्ट चर्च में प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन क्रिसमस डे के आगमन की तैयारी बड़े जोरशोर से चल रही है। बताया जाता है कि मसीह समाज द्वारा चर्च मे रंग रोगन हो गया है तथा चर्च में सीलिंग एवं पेवल कार्य किया गया जो कि बहुत



ही सुंदर नजर आ रहा है। बीते दिवस केरोल सिंगिंग का कार्यक्रम हर. टी. पी.जी में रह रहे मसीही परिवार में संपन्न की गई एवं द्वितीय दिवस चर्च भवन में संडे स्कूल के बच्चों द्वारा भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें गायन लघु नाटक एवं डांस की उत्तम प्रस्तुती बच्चों द्वारा दी गई। वही सभी बच्चो को पुरस्कार स्वरूप गिफ्ट वितरित किये गयें। वही कल 21 दिसंबर को स्थानीय मसीही परिवारो में केरोल सिगिंग की जायेगी। वही बताया जाता है कि सारे कार्यक्रम पास्टर विपिन मसीह के अगुवाई मे किये जाएंगे।

### पुरानी बुराई को लेकर मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बरांझ निवासी ब्रजमोहन पिता मर्दन सिंह कौरव उम्र 65 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी गुड भट्टी से घर जा रहा था उसी दौरान रास्ते में गांव का हरिगोविंद पिता गोपाल प्रसाद कौरव मिला और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी ने गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

# शासकीय महाविद्यालय बजाग में कॉलेज चलो अभियान का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी






शासकीय महाविद्यालय बजाग, जिला डिंडोरी में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नवीन शैक्षणिक सत्र 2026–27 में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु "कॉलेज चलो अभियान" का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान प्रथम चरण में 5 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार कुशवाह के निर्देशन तथा कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी एवं ग्रंथपाल श्री सतीश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाड़ा बजाग एवं शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बजाग में अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई तथा विशेष रूप से बैगाचक बाहुल क्षेत्र चाड़ा के विशेष जनजाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित किया गया।उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इस अभियान के सकारात्मक परिणाम स्वरूप विगत वर्ष शासकीय महाविद्यालय बजाग में विशेष जनजाति के विद्यार्थियों के प्रवेश प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए 17 दिसंबर 2025 को भी कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण किया गया।अभियान के दौरान प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार कुशवाह द्वारा छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम संरचना तथा भविष्य की शैक्षणिक संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कॉलेज चलो अभियान के संयोजक श्री सतीश कुमार वर्मा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं जैसे महाविद्यालय पुस्तकालय, एसटी/एससी विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क पुस्तकें एवं स्टेशनरी, गांव की बेटी योजना, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना, एससी/एसटी एवं ओबीसी वर्ग के लिए पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति, संबल योजना, आवास सहायता योजना तथा अन्य प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. दुर्गाप्रसाद गुप्ता द्वारा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्रीड़ा विभाग एवं रेड रिबन क्लब में पंजीयन के महत्व एवं लाभों पर विद्यार्थियों से विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया गया। कॉलेज चलो अभियान के सफल संचालन में महाविद्यालय के प्राचार्य के कुशल नेतृत्व के साथ समस्त प्राध्यापकों की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।

## खबर संक्षेप

### निर्वाचक नामावली कार्य में लापरवाही पर निलंबित शिक्षकों की बहाली

डिंडौरी। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 104 डिंडौरी के प्रतिवेदन के आधार पर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (एसआईआर) के कार्य को गंभीरता से नहीं करने के कारण निलंबित किए गए तीन शिक्षकों को बहाल कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ब्रजमोहन वालरे, प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शाला वनग्राम समरधा; मनीराम धुर्वे प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला अजगर विकासखंड समनापुर तथा दरबारी सिंह परस्ते, सहायक अध्यापक, प्राथमिक शाला कबीर मय खुरखुरीदादर, विकासखंड करंजिया को पूर्व में लापरवाही के कारण निलंबित किया गया था।

प्राप्त अभ्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संबंधित शिक्षकों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए निलंबन से बहाल कर पूर्ववत पदस्थ किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि को समस्त प्रयोजनों के लिए कर्तव्य काल माना जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में लापरवाही को गंभीरता से लिया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय के निर्देश

डिंडौरी । आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत निर्धन एवं पात्र परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किए जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की प्रति भी प्राप्त हुई है। जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत किए गए सर्वे के दौरान चयनित 563 ग्रामों में निवासरत संभावित 33,742 परिवार वर्तमान में गैस कनेक्शन से वंचित पाए गए हैं। धरती आबा अभियान अंतर्गत चिन्हित ग्रामों के पात्र परिवारों को निर्धारित एसओपी के अनुसार गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु ग्राम पंचायतवार दल का गठन किया गया है। निर्देशानुसार संबंधित सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, 16 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक धरती आबा के चिन्हित ग्रामों में सर्वे दल के सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं प्रधान पाठक से समन्वय स्थापित कर गैस एजेंसी के कर्मचारियों एवं उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं के सहयोग से शिविर आयोजित करेंगे। इन शिविरों में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 से शेष रहे परिवारों के नवीन गैस कनेक्शन के आवेदन, आवश्यक दस्तावेज संकलन तथा पात्रता पर्ची की ई-केवायसी का कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक दिवस प्राप्त उज्ज्वला योजना आवेदनों की प्रगतिशील जानकारी सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के माध्यम से संबंधित गैस एजेंसी के वितरक को गूगल शीट के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाएगा।

# जल संचय अभियान अंतर्गत श्रमदान से बोरी बंधान



डिंडौरी ।

म.प्र. जन अभियान परिषद भोपाल के आदेशानुसार निरंतर संचालित जल संचय अभियान के अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद डिंडौरी के जिला समन्वयक धर्मेन्द्र चौहान तथा विकासखंड समनापुर की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मंजूलता राव के मार्गदर्शन में विकासखंड समनापुर के ग्राम चिरई नाला में श्रमदान से बोरी बांध का निर्माण किया गया। जन अभियान परिषद के अंतर्गत चयनित नवांकुर संस्था सामाजिक समरसता सेवा समिति, झांखी सेक्टर 02 छांटा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, कमको के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित श्रमदानियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा जल बचाने एवं वर्षा जल संचय के महत्व पर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में म.प्र. जन अभियान परिषद समनापुर से विकासखंड समन्वयक श्रीमती मंजूलता राव, नवांकुर संस्था सेक्टर 02 छांटा से प्रभारी वेदप्रकाश यादव, सेक्टर 03 समनापुर से दीपक वर्मे, मेंटर शिशु बड़गैया, शिवकुमार ठाकुर एवं श्रीमती डॉली पनरिया, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष चंदूलाल, सचिव बुधराम सहित सदस्य सहजवती, गीता बाई, मंगली बाई, कलावती, संतोष तथा सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी यश कुमार, ललिता एवं रोशनी उपस्थित रहे। बोरी बांध निर्माण से संबंधित स्थल पर पर्याप्त जल भराव हो रहा है, जिससे किसानों को कृषि कार्यों के लिए, मवेशियों के लिए पेयजल की उपलब्धता तथा सिंचाई एवं निस्तार हेतु जल सुविधा सुनिश्चित होगी। यह पहल क्षेत्र में जल संरक्षण को मजबूती देने के साथ ग्रामीण आजीविका को भी संबल प्रदान करेगी।

# तेजस्विनी महिला संघों को मिली राहत, आंगनवाड़ी केंद्रों में फिर शुरू होगा मिलेट्स आधारित नाश्ता

डिंडौरी



कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में तेजस्विनी महिला संघों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार के रूप में वितरित किए जा रहे मिलेट्स आधारित नाश्ते को पुनः प्रारंभ करने पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017–18 से तेजस्विनी महिला संघों द्वारा जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को सुबह के नाश्ते के रूप में मिलेट्स आधारित कुकीज, नमकीन एवं सेव-मुरमुरा का वितरण किया जा रहा था, जिसे अप्रैल 2025 में बंद कर दिया गया था। इस संबंध में महिला संघों द्वारा पुनः वितरण प्रारंभ किए जाने का अनुरोध किया गया था।महिला संघों के आग्रह पर कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन कर प्रस्ताव पर विचार किया गया। समिति की अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्रों में मिलेट्स आधारित कुकीज, नमकीन एवं सेव-मुरमुरा को पुनः सुबह के नाश्ते के रूप में वितरित करने का निर्णय लिया।इस अवसर पर कलेक्टर ने महिला संघों को आदेश पत्र प्रदान करते हुए निर्देश दिए कि नाश्ते की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, निर्धारित मासिक मेनू के अनुसार तथा समय-सीमा में वितरण किया जाए। कार्य पुनः प्रारंभ होने पर महिला संघों की महिलाओं ने कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया एवं अपनी उत्पादन इकाइयों के भ्रमण का आग्रह भी किया।बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम सिंगोर, महिला वित्त एवं विकास निगम के समन्वयक, तेजस्विनी महिला संघों के अध्यक्ष, सचिव एवं संघमित्र उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न, दिसंबर में शत-प्रतिशत पूर्णता के निर्देश



डिंडौरी । कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिसंबर माह में पूर्णता हेतु लक्षित 99 नल-जल योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने 99 ग्रामों में से स्त्रोत के अभाव के कारण 11 ग्रामों को छोड़कर शेष 88 ग्रामों की प्रगति की समीक्षा की गई। लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं की कम पूर्णता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने दिसंबर माह में शत-प्रतिशत योजनाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिन ग्रामों में स्त्रोत के अभाव के कारण कार्य लंबित हैं, वहां शीघ्र नलकूप खनन हेतु कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (मैकेनिकल), जबलपुर को निर्देशित किया।

मैकेनिकल संकाय को आवंटित ग्रामों में एक भी योजना पूर्ण न होने पर कलेक्टर ने सहायक यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (मैकेनिकल) को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सहायक यंत्री द्वारा विद्युत समस्या के कारण कार्य प्रभावित होने की जानकारी पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता से समन्वय कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेसर्स आर. के. गुप्ता को आवंटित ग्रामों में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जांच टीम की रिपोर्ट प्राप्त होते ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। साथ ही समस्त विभागीय एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को सतत निरीक्षण करने तथा स्थल के जीपीएस लोकेशन युक्त फोटो नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अवगत कराया कि निरीक्षणकर्ता अधिकारियों की पुनः समीक्षा 20 दिसंबर 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अफजल अमानुल्लाह, विभाग के समस्त सहायक यंत्री एवं उपयंत्री (सिविल एवं मैकेनिकल) उपस्थित रहे। समस्त निरीक्षणकर्ता अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# एसडीएम बजाग ने नायब तहसीलदार करंजिया न्यायालय का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने शुक्रवार को नायब तहसीलदार करंजिया के न्यायालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड दुरुस्ती से संबंधित दर्ज प्रकरणों में कई अनियमितताएँ पाई गईं। निरीक्षण में यह सामने आया कि कुछ प्रकरणों में आदेश पत्रिका संधारित नहीं की गई थी, वहीं कई प्रकरण निर्धारित तिथि पर न्यायालय में प्रस्तुत नहीं पाए गए। इसके अतिरिक्त 58 प्रकरणों में पटवारी प्रतिवेदन प्रस्तुत होने के बावजूद प्रकरणों को निराकरण हेतु पेश नहीं किया गया था। उक्त लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए प्रवाचक मुकेश पेंन्द्रो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही नायब तहसीलदार को निर्देश दिए गए कि वे प्रत्येक सप्ताह अपने न्यायालय का नियमित निरीक्षण कर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

### रास्ता विवाद का मौके पर समाधान, ग्रामीणों में खुशी

इसी क्रम में ग्राम रैतवार एवं खम्हरिया रैयत में रास्ता विवाद के संबंध में ग्रामीणों के साथ स्थल जांच की गई। खम्हरिया में लगभग 2 किलोमीटर पैदल चलकर मौके पर पहुंचते हुए विवाद का समाधान किया गया। मौके पर एसडीएम को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की और त्वरित निराकरण के लिए आभार जताया।इसके अलावा ग्राम पंचायत रैतवार में धरती आबा सर्वे का निरीक्षण किया गया। साथ ही विद्यालय में मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) की जांच की गई, जिसमें दाल, चावल एवं सब्जी की गुणवत्ता अच्छी पाई गई। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति लगभग 90 प्रतिशत दर्ज की गई। प्रशासन द्वारा किए गए इन निरीक्षणों एवं त्वरित कार्यवाही से शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और न्यायिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित होने की अपेक्षा व्यक्त की गई।



# जंगल में मिला अज्ञात वृद्ध महिला का शव

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र अनूपपुर अंतर्गत केकरपानी गांव से लगे जंगल में शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव होने की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मृत महिला के शव को बरामद कर कार्रवाई की। इस संबंध में बताया गया कि एक 60 से 65 वर्ष की अज्ञात वृद्ध महिला पिछले कुछ दिनों से कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत केकरपानी, खोलईया एवं डालाडीह में अकेले विक्षिप्त स्थिति मे घूमती रहती थी जिसे कुछ ग्रामीणों द्वारा खाने की सामग्री भी दी जाती रही है जो शुक्रवार की सुबह केकरपानी गांव से लगे जंगल में मृत अवस्था में मिली जिसे कुछ ग्रामीणों ने मृत स्थिति में पड़े होने को देख कर वनरक्षक जगत सिंह मसराम एवं ग्राम पंचायत के सरपंच भवन सिंह को दिए जाने पर सरपंच के द्वारा घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस अनूपपुर दी जिस पर कोतवाली पुलिस के सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचकर मृत वृद्धा के शव का पंचनामा किया। वृद्धा का शव कुछ दिन पूर्व का होने से उसके शरीर में सडन की स्थिति रही। जिसे पीएम हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेजा गया घटना की जांच करते हुए अज्ञात वृद्ध महिला की पहचान का प्रयास पुलिस द्वारा की जा रही है।




# सामतपुर तालाब में हुआ श्रमदान व दीवार लेखन

हरिभूमि न्यूज जमुना कोतमा। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के नेतृत्व में विकासखंड अनूपपुर, सेक्टर 01 के अंतर्गत अनूपपुर नगरपालिका क्षेत्र स्थित सामतपुर तालाब (शिव मारुति मंदिर परिसर) में शुक्रवार, 19 दिसंबर को जल संचयन अभियान के तहत संगोष्ठी, दीवार लेखन एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नदियों एवं तालाबों के संरक्षण हेतु सामूहिक श्रमदान की कार्ययोजना बनाई गई, जिसमें बोरी बंधान एवं साफ-सफाई जैसे कार्य शामिल रहे। अभियान के अंतर्गत उपस्थित नागरिकों को जल संचयन, संरक्षण एवं उसके महत्व की शपथ दिलाई गई। साथ ही जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दीवार लेखन कर दैनिक जीवन में जल संरक्षण की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता श्रीमती शारदा चौरसिया, अनिल सिंह परिहार (सीएमसीएलडीपी छात्र), सचिन पटेल, अखिल रौतेल, अर्जुन, नेहा कहार, प्रिया सरावगी, मंजूलता सिंह, अर्चना शुक्ला, ममता, आरती, अंजली जयसवाल, दीपक सिंह, प्रस्फुटन समिति सदस्य लक्ष्मी क्षत्रिय सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। जल संचयन अभियान का मुख्य उद्देश्य बहते एवं वर्षा जल का संरक्षण कर भू-जल स्तर में वृद्धि, कृषि कार्यों व पशु पक्षियों हेतु जल उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है।

# अमरकंटक में संत समागम, पूज्य कौशिक जी महाराज पहुंचे कल्याण सेवा आश्रम



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक में इन दिनों संत समागम का पावन वातावरण बना हुआ है। इसी क्रम में देश के सुप्रसिद्ध संत, कथावाचक एवं सनातन धर्म प्रचारक पूज्य कौशिक महाराज अमरकंटक पहुंचे। आगमन पर उन्होंने श्री कल्याण सेवा आश्रम में प्रवास करते हुए आश्रम के संतों से आत्मीय भेंट मुलाकात की। पूज्य कौशिक महाराज अमरकंटक में तीन दिवसीय प्रवास पर हैं। इस दौरान आश्रम परिसर में उनके द्वारा प्रवचन, भजन कीर्तन तथा सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति पर आध्यात्मिक चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। उनके आगमन से क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कल्याण सेवा आश्रम में पूज्य कौशिक जी महाराज ने स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज (प्रबंध न्यासी श्री कल्याण सेवा आश्रम), स्वामी जगदीश आनंद जी महाराज एवं स्वामी सुंदरानंद महाराज से भेंट कर सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, सेवा, साधना एवं आध्यात्मिक जीवन मूल्यों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बताया गया कि पूज्य कौशिक महाराज सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ मां नर्मदा की परिक्रमा करते हुए अमरकंटक पधारे हैं। उनके सान्निध्य में श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हो रही है। ज्ञात हो कि पूज्य कौशिक महाराज देश के प्रख्यात सनातन धर्म प्रचारक, कथावाचक एवं आध्यात्मिक गुरु हैं। वे अपनी ओजस्वी वाणी, सरल शैली एवं गहन शास्त्रीय ज्ञान के लिए देशभर में प्रसिद्ध हैं। रामकथा एवं श्रीमद्भागवत कथा के प्रसिद्ध प्रवक्ता सनातन परंपराओं एवं भारतीय जीवन मूल्यों के प्रबल समर्थक है। देश के विभिन्न तीर्थस्थलों एवं आश्रमों में नियमित प्रवचन युवाओं को धर्म, संस्कार, सेवा एवं नैतिकता से जोड़ने का विशेष प्रयास सरल भाषा में गूढ़ धार्मिक विषयों को प्रस्तुत करने की विशिष्ट पहचान पूज्य कौशिक महाराज का जीवन सनातन धर्म के प्रचार प्रसार, समाज में आध्यात्मिक चेतना जागरण एवं मानव सेवा को समर्पित है। उनके सान्निध्य से श्रद्धालुओं को जीवन में धर्म, सदाचार एवं भक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

## खबर संक्षेप

### 21 को सौंपा जाएगा ज्ञापन

तेंदूखेड़ा। राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के आह्वान पर ई_अटेंडेंस बंद किये जाने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाली हेतु 21 दिसंबर दिन रविवार को दोपहर 2 बजे राज्य शिक्षक संघ जिला इकाई नरसिंहपुर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री म प्र शासन के नाम कलेक्टर नरसिंहपुर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिलाध्यक्ष अजीत जाट ने प्रदेश पदाधिकारियों जिला कार्यकारिणी सदस्यों ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्यों तहसील अध्यक्ष तहसील कार्यकारिणी सदस्यों व जिले समस्त शिक्षक साथियों से अपील की है कि अपरान्ह 2 बजे कलेक्ट्रेट भवन परिसर नरसिंहपुर में अधिक से अधिक उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपने अवसर पर शामिल रहें।

### विद्यार्थियों को बांटे गर्म कपड़े



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस संकुल केंद्र बरहटा प्राचार्य एस के बक्शी के सहयोग एवं मार्गदर्शन में प्राथ. शाला भदौर में एवं प्राथमिक शाला पिटहरा में छात्र छात्राओं को गरम कपड़े वितरित एंगिए। गर्म कपड़े मिलने से बच्चों में अत्यंत हर्ष व उत्साह दिखा। इस दौरान संकुल केंद्र बरहटा से भागचंद झारिया, सुनील दीक्षित, पुष्पेंद्र पूशाम, श्री कोरी एवं शरद गुप्ता उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा एवं ठंड से बचाव हेतु जानकारी दी। संबंधित शालाओं द्वारा इस पर कृतज्ञता व्यक्त की गई। उक्त पहल की ग्रामीणों द्वारा सराहना की जा रही है।

### नगर पालिका कर्मियों के समर्थन में उतरी कांग्रेस

# कांग्रेस पार्षदों व कार्यकर्ताओं ने लगाई झाड़ू, किया प्रदर्शन





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीते दिनों से हड़ताल कर रहे नगर पालिका कर्मचारियों के समर्थन मे नगर कांग्रेस भी विरोध प्रर्दशन करते हुए सड़कों पर झाडू. लगाई एवं नगर पालिका प्रशासन व सरकार के प्रति आक्रोस व्यक्त किया। कांग्रेस पार्षदों व कार्यकर्ताओं नगर पालिका द्वारा कर्मचारियों के वेतन ना देने से नगर में बढ़ती अव्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंप गया। ज्ञात हो कि नगर पालिका कर्मचारियों को बीते तीन महिनों से वेतन नही दिया गया जिससे कर्मचारियों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है जिसे लेकर कर्मचारियों द्वारा हड़ताल की जा रही है। उक्त हड़ताल में कर्मचारियों के समर्थन में कांग्रेस पार्षद व कार्यकर्ता भी नजर आए।

### नगर पालिका का उदासीन रवैया

ब्लॉक कांग्रेस शहर ग्रामीण एवं नगर पालिका में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा नगर पालिका की उदासीनता, लापरवाही, भ्रष्टाचार एवं कर्मचारियों को समय पर वेतन ना मिलने के मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने इंदिरा चैक हरेराम धर्मशाला से लेकर नगर पालिका तक सांकेतिक रूप से झाडू लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर पालिका प्रशासन एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगर पालिका के समक्ष धरना दे रहे नगर पालिका के कर्मचारियों की मांग को जायज ठहराते हुए कांग्रेस ने समर्थन दिया। यहां पर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। आंदोलनकारी कर्मचारियों को पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर मनीष साहू द्वारा, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनीराम पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल एवं झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण महोबिया नगद रुपए तथा अनेक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियो ने व्यक्तिगत रूप से भी राशि प्रदान की।

### सरकार व नपा प्रशासन पर साधा निशाना

कर्मचारियों के धरना स्थल पर पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने कहा कि लंबे समय से कर्मचारी अपनी मांगों के निराकरण की मांग कर रहे हैं इसके बावजूद भी नगर पालिका प्रशासन उदासीन बना रहा, नरसिंहपुर से लेकर दिल्ली तक भाजपा की सत्ता है इसके बाद भी नरसिंहपुर में बदहाली बनी हुई है। क्या दोनों मंत्रियों को समस्या नहीं दिख रहीं। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि नगर पालिका में इतनी उदासीनता कभी नही देखी। शहरवासी गंदगी एवं कई समस्याओं से हलाकान हैं कर्मचारियों को कई महीनों तक वेतन ना मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष साहू ने कहा कि नगर में विकास हो नहीं रहा और तीन-चार माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा आखिर राशि जा कहां रही है इसका उत्तर नगर वासियों को मिलना चाहिए।

### नगर में बढ़ रही गंदगी

कांग्रेस पार्षद दल के नेता रूद्रेश तिवारी ने कहा कि हम सब कर्मचारियों के साथ हैं। संचालन करते हुए पार्षद अस्सू नेमा ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों एवं नगर विकास की अनदेखी नही की जा सकती। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण धनीराम पटेल, पार्षदगण बॉबी खान, आशीष राजवैध, आनंद चैरसिया, मुकेश कटारे एवं देवेंद्र शुक्ला के अलावा कांग्रेस के कई पदाधिकारियो ने आरोप लगाया कि भाजपा नगर पालिका में 26 वर्ष से अधिक समय से नरसिंहपुर नगर में काबिज है इसके बाद भी विकास में नरसिंहपुर पिछड़ा हुआ है। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, ब्लॉक एवं जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। विदित हो कि नगर पालिका के सफाई एवं अन्य कर्मचारी पिछले तीन दिनों से वेतन समय पर ना मिलने एवं अन्य मांगों के निराकरण के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जिससे नरसिंहपुर शहर में गंदगी का आलम बना हुआ है।

### सौंपा गया ज्ञापन

कांग्रेस के द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों एवं अन्य कर्मचारियों का वेतन समय पर दिया जाए। नियमितीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण किया जावे । मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगर पालिका को प्राप्त होने वाली राजस्व निधि स्वयं नगर पालिका संस्था की आय है उसका भुगतान नही किया जा रहा है एवं उक्त राशि को मध्यप्रदेश शासन अन्य मदो में उपयोग किया जा रहा है जिस कारण नगर के निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे है जिस संबंध में घोर लापरवाही बरती जा रही है। सीवर लाईन कंपनी द्वारा मनमानी रूप से नगर में कार्य किया जा रहा जिससे नगर के मुख्य मार्ग एवं शहर की गलियों अस्त व्यस्त हो गई हैं । कार्य के दौरान छतिग्रस्त हुये मार्गो को सुधार किया जावे एवं सीवर लाईन के दौरान किये गये कनेक्शन को घटिया निर्माण एवं कार्यहीन योजना के कारण सीवर लाइन में मल मूत्र गलियों में बह रहा है।

### एड्स जागरूकता को लेकर किया नुक्कड़ नाटक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विश्व एड्स दिवस जागरूकता पखवाड़े की अंतर्गत संस्था हम लोग शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति संस्थान द्वारा लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना जो जिले में उच्च जोखिम समूह पर कार्य कर रही है उनके द्वारा नगर के सुभाष पार्क चैराहा मजदूर संघ के बीच एवं न्यू बस स्टैंड नरसिंहपुर पर एड्स जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया जिसमें उपस्थित जन समुदाय को एचआईवी एड्स के कारण भ्रांतियां एवं बचाव से अवगत कराया गया कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय एड्स नियंत्रण समिति से नोडल पर्सन प्रशांत कुमार सोनी हम लोग टी आई परियोजना से परियोजना प्रबंधक रजनी विश्वकर्मा गणेश लोधी रूपराम मेहरा सुधीर पांडे सोना केवट अनीता रजक संतोष कश्यप एवं पी .जी. कॉलेज नरसिंहपुर की नुक्कड़ नाटक टीम की उपस्थिति रही।

### डॉ. महिमा ने बढ़ाया गौरव



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर की प्रतिभाशाली बेटी डॉक्टर महिमा नेमा नीट पीजी परीक्षा उत्तीर्ण कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में एमएस कोर्स (ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायेनाकोलॉजी) के लिए चयनित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि नीट पीजी परीक्षा में महिमा का ऑल इंडिया मेरिट रैंक 6178 और मध्यप्रदेश में मेरिट रैंक 176 रहा है। डॉ महिमा सुप्रसिद्ध साहित्यकार टी आर नेमा की सुपौत्री, कमल नेमा, अनिता नेमा की सुपुत्री, साहित्यकार अजय तुलसी, शिक्षक पवन नेमा की भतीजी हैं।

## बस संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने हत्या के आरोप लगाए, जांच में जुटी पुलिस



**नरसिंहपुर।** जिले के गोटेगांव क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक बस संचालक का शव नहर के मोड़ पर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गोटेगांव निवासी आनंद राय (45 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों ने इस मामले को हत्या बताते हुए कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जबकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच की बात कह रही है।

जानकारी के अनुसार, गोटेगांव निवासी बस संचालक आनंद राय का शव गुरुवार सुबह आँखीवाड़ा क्षेत्र में नहर के मोड़ पर संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

मामले में मनीष त्रिपाठी, एसडीओपी गोटेगांव ने बताया कि घटना को लेकर सभी संभावित पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।मृतक के बड़े भाई अमित कुमार ने आरोप लगाया कि पप्पू पटेल और बबलू पटेल नामक व्यक्ति जुआ खिलाने का काम करते हैं और उनके भाई को भी जुए में फंसाया गया था। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले पैसे के लेनदेन को लेकर इन लोगों से आनंद राय का विवाद हुआ था, जिसमें गाली-गलौज भी हुई थी। इसके बाद रात में खाना खाने के बहाने उन्हें बुलाया गया और फिर यह घटना हो गई।मृतक के दूसरे भाई अनूप राय ने बताया कि घटना वाली रात वे लगातार आनंद को फोन लगाते रहे, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। सुबह किसी अन्य व्यक्ति ने फोन उठाकर नहर के पास शव पड़े होने की सूचना दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो आनंद की हालत बेहद गंभीर थी। उनके सिर पर गहरी चोट के निशान थे और एक कान भी क्षतिग्रस्त पाया गया। अनूप राय का आरोप है कि हत्या कहीं और कर शव को नहर के पास लाकर फेंका गया।वहीं मृतक की बहन प्रतिमा राय ने भी हत्या की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि कपड़ों पर उल्टी के निशान हैं, जबकि घटनास्थल पर उल्टी नहीं मिली, जिससे यह साफ होता है कि वारदात कहीं और हुई है। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।एसडीओपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि गोटेगांव निवासी आनंद राय जो कल रात बड़ी सिमरी में पप्पू पटेल के यहां गए हुए थे। आज सुबह उनका शव आखी वाड़ा नहर अअअ में सड़क के किनारे प्राप्त हुआ है। वहीं उनकी मोटरसाइकिल भी नहर में गिरी हुई मिली है। हमने मर्ग कायम करके जांच प्रारंभ कर दी है। एफएसएल टीम भी बुलाई है। पंचनामा कार्रवाई, पीएम रिपोर्ट और जहां पर यह थे, जिनके साथ थे, समस्त बिंदुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है और जैसे तथ्य आएंगे वैसी कार्रवाई होगी।

## कलचुरी समाज ने आनंद राय की मौत की जांच को लेकर एसडीओपी को सौपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** श्रीधाम विगत दिवस स्थानीय पुराना बस स्टैंड मुरलीधरवार्ड निवासी बस संचालक मृतक आनंदराय पिता विनोदराय की बड़ी सिमरी के पास स्थित नहर के किनारे संदेहास्हद अवस्था में शव मिलने से संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी फैल गई,आनंद राय की मौत की सूक्ष्म जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने को लेकर समस्त कलचुरी समाज ने पुलिस थाना पहुंचकर मौत की सूक्ष्म जांचकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने हेतु एसडीओपी मनीषत्रिपाठी एवं थाना प्रभारी पंकजसराफ एक ज्ञापन सौपा,कलचुरी समाज में ज्ञापन में उल्लेखित करते हुए मांग की है कि 18 दिसंबर गुरुवार को गोटेगांव थाना अंतर्गत ग्राम आंखीवाड़ा से ग्राम बड़ी सिमरी मार्ग पर कलचुरी समाज के आनंद पिता विनोदराय मुरलीधर वार्ड निवासी की संहेदस्हद स्थिति में मृत्यु होने के कारण परिवार जनों एवं समाज में रोष का वातावरण व्याप्त है घटना के संबंध में परिवार जनों का आरोप हैकि आनंदराय की षडयंत्र पूर्वक हत्या की गई है,गोटेगांव पुलिस द्वारा जानकारी के बाद शीघ्रता पूर्ण ढंग से कार्यवाही करना स्वागत योग्य है,लेकिन घटनास्थल पर मिले तथ्यों मृतक के शरीर पर हथियार से चोट के निशान दिखना तथा परिवार द्वारा कुछ व्यक्तियों के साथ हुए विवाद को लेकर हत्या की आशंका बताना समाज के लिए व्यथित करने वाला विषय है,उल्लेखनीय हैकि कलचुरी समाज के प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखने वाले आनंदराय के छोटे छोटे बच्चे है,जिनको न्याय दिलाना हम सभी का कर्तव्य है,समस्त कलचुरी समाज गोटेगांव पुलिस प्रशासन से आग्रह करता है कि परिवारजनों की आशंका एवं आरोपों को दृष्टिगत रखते हुए इस घटना की सूक्ष्म विवेचना करते हुए सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए,हम समस्त सामाजिक बंधुओ का मानना हैकि यह एक षड्यंत्रकारी घटना है जिसमें एक से अधिक लोगों का हाथ है इस घटना में वह लोग भी जिम्मेदार हो सकते हैं जो प्रत्यक्ष रूप से घटना में सम्मिलित ना हो लेकिन उनके इशारे पर यह जघन्य कांड किया गया है, अतःहम समस्त सामाजिक बंधु पुलिस प्रशासन द्वारा इस अमानवीय घटना को गंभीरता से लेते हुए सभी दोषियों के विरुद्ध शीघ्र अतिशीघ्र कार्यवाही की जाने की अपेक्षा की है, इस अवसर पर कलचुरी समाज जिलाध्यक्ष पंकज चौकसे तहसील अध्यक्ष राजेंद्रराय उपाध्यक्ष शरदानुजराय बबलू राय वीरनचौकसे सुनीलराय कोषाध्यक्ष मनोजराय सचिव रामकुमार जायसवाल सहसचिव सेवकरामचौकसे प्रचार मंत्री मनीषराय कैलाश राय आनंदराय संगठनमंत्री जितेंद्र राय अमित राय संजू राय सामाजिक प्रवक्ता रघुनाथराय राजेंद्ररायअजय राय अनूपराय रितेश राय शुभमराय दिलीपराय गुड्डू राय आशीषराय गणेशराय अनुरागराय अनुजराय आशीष राय सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### उच्च शिक्षा की ओर बढ़ते कदम -शंकराचार्य महाविद्यालय ने छात्रों को दी ई-प्रवेश और छात्रवृत्ति की जानकारी




**गोटेगांव।** श्री जगद्गुरु शंकराचार्य कला, वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय श्रीनगर (गोटेगांव) द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागनदेवरी और दरगड़ा में कॉलेज चलो अभियान का प्रभावी संचालन किया गया। मध्य प्रदेश शासन और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के पालन में, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. राहुल नेमा ने कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को ई-प्रवेश की जटिल प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया और नवीन शिक्षा नीति के लाभों के साथ-साथ शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डॉ. आशीष ठाकुर ने छात्रों को महाविद्यालय में उपलब्ध अत्याधुनिक प्रयोगशाला, समृद्ध पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास और खेल परिसर जैसी सुविधाओं से परिचित कराया। प्रो. विवेक जैन ने करियर काउंसलिंग और कौशल आधारित शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. राजा दुबे ने प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित विषय की उपयोगिता समझाई। प्रो. अर्चना सोनी ने आधुनिक दौर में ई-लाइब्रेरी और ई-कंटेंट के उपयोग के बारे में जानकारी दी और प्रो. अंकिता नामदेव ने भविष्य के लिए सही विषय चयन की प्रक्रिया में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस पूरे अभियान के दौरान प्रो. कमल पटेल, दिलीप द्विवेदी, छत्रपाल पटेल, प्रो. अंकित नामदेव, इंद्रजीत धनोरिया, आयुष तिवारी, दिनेश कहार और संतोष ठाकुर सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## व्यसन मुक्त समाज निर्माण की दिलाई शपथ



**तेंदूखेड़ा।** व्यसन आधुनिक समाज की गंभीर समस्या बन चुका है। जिसमें व्यक्ति का शारीरिक मानसिक और आर्थिक पतन हो रहा है।पारिवारिक सामाजिक पृष्ठभूमि प्रभावित हो रहीहै। इसी विषय को लेकर प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय द्वारा गांव-गांव जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विगत दिवस ग्राम डोभी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सभी बच्चों और शिक्षकों को व्यसन मुक्ति की शपथ दिलाई गई। दीप प्रज्वलन कर शुरू हुये कार्यक्रम में पहुंची सभी दीदियों का शाला परिवार द्वारा पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया। तथा 14 से 18 दिसंबर के बीच तेंदूखेड़ा नर्मदा उत्तराखंड क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 45 गांव में जन जागरण यात्रा निकाली गई। इस दौरान व्यवस्नों से होने वाले दुष्परिणाम उनसे उत्पन्न रोग पारिवारिक कलह विवाद और टूटते परिवारों की स्थिति को ग्रामीणों व बच्चों के समक्ष विस्तार से रखा गया। साथ ही व्यवसनों से मुक्ति के लिए ब्रह्मकुमारी प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से आवश्यक उपाय बताएं। अभियान के अंतर्गत रैलियां निकाली गई और ग्रामीणों को व्यसन त्याग की शपथ दिलाई गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं बच्चों ने सहभागिता प्रदान की। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र उपस्थिति रहे।

## क्षेत्रीय संचालक द्वारा किया गया औचक निरीक्षण



तेंदूखेड़ा विगत दिवस क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें डॉ. संजय मिश्रा द्वारा चांवरपाठा विकास खंड की तीन स्वास्थ्य संस्थायें हैल्थ वेलनेस सेंटर मदनपुर सामुदायिक स्वाकेन्द्र तेन्दूखेड़ा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रौसरा राजमार्गका औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें आगामी एमडी एन एच एम के भ्रमण के पूर्व सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में व्यवश्यक साफ सफाई दवाईयों की उपलब्धता उपकरणों की क्रियाशीलता हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने एनसीडी कार्यक्रम गर्भवती पंजीयन एवं जांच शिशु टीकाकरण टीवी कार्यक्रम परिवार नियोजन सीएम हेल्पलाइन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान निहार दीवान संभागीय अधिकारी डा0 जीपी भनारिया स्वा० अधिकारी डा० राजकिशोर पटेल वीएमओ चांवरपाठा श्रीमति भारती चौरसिया डीपीएम नरसिंहपुर डा0 दामोडर जाटव प्रभारी सीएचसी तेंदूखेड़ा विनोद प्रजापति श्री हेमेल सोनी एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## एड्स पखवाड़े के तहत प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरुस्कृत



**तेंदूखेड़ा।** विगत एक दिसंबर से सर्वोदय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स पखवाड़ा का आयोजन किया गया । जिनमें भाषण पोस्टर स्लोगन लेखन निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। पुरस्कारों के वितरण अवसर पर गोष्ठी का आयोजन हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि डॉ प्रशांत सोनी मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं डॉ देवेंद्र सिंह रिपुसूदन डॉ प्रकाश जैन एवं चंद्रभूषण पाठक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती किरण प्रभा जैन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। डॉ प्रशांत सोनी एवं डॉ देवेंद्र सिंह रिपुसूदन ने एड्स एवं एचआईवी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इसे ला इलाज बीमारी बताई एड्स के संबंध में जागरूकता ही बचाव बताया। वहीं डॉ प्रकाश जैन ने कहा कि एड्स छुआछूत की बीमारी नहीं है ऐसे मरीजों के प्रति हमारा सकारात्मक रवैया होना चाहिए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष नामदेव तथा आभार श्रीमती अरुणा जैन द्वारा व्यक्त किया । इस अवसर पर सीताराम रैकवार देवानंद धानक महिमा जैन सरिता जैन रोमी मालवीय संतोष लोधी संतोष पटेल बुलबुल धाकड़ रसना पटेल कु .साक्षी पांडे सोना शर्मा पूजा वैष्णव राशि लोधी एवं महाविद्यालय की छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थिति रहीं।

**कार्यालय सचिव मेला समिति बरमान मेला 2026**

क्रमांक/133/बरमान मेला/2025 **सीमित निविदा** चांवरपाठा/दिनांक 18/12/2025

माँ नर्मदा के तट पर मकर संक्राति पर्व पर जनवरी 2026 में आयोजित बरमान मेला दिनांक 12.01.2026 से 02.02.2026 तक आयोजित है, में निम्नलिखित कार्यो के लिए मोहरबन्द निविदायें ठेकेदारों, एजेन्सियों व इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक 26.12.2025 को समय दोपहर 03:00 बजे तक सचिव मेला समिति बरमानखुर्द एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चांवरपाठा के कार्यालय में आमंत्रित किये जाते है :-

1. मेलास्थल बरमानखुर्द की साफ-सफाई कार्यो का प्रबंध (अधिकतम राशि 1,20,000) 2.मेलास्थल बरमानखुर्द टेन्ट व्यवस्था (अधिकतम राशि 1,40,000) 3. मेलास्थल बरमानखुर्द में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था (अधिकतम राशि 1,90,000) 4. मेलास्थल बरमानखुर्द रेतघाट पर अस्थाई शौचालयों का निर्माण व प्रबंध (अधिकतम राशि 1,40,000) 5. मेलास्थल बरमानखुर्द वाहन स्टेण्ड पार्किंग व्यवस्था का प्रबंध (न्यूनतम राशि 90,000) 6. मेलास्थल बरमानखुर्द सी. सी. टी. व्ही कैमरा ( 50 कैमरा 5एम.पी.) सैट-अप हेतु निविदा (अधिकतम राशि 1,00000) 7. मेलास्थल बरमानखुर्द वर्ष 2026 हेतु प्रिंटिंग कार्य।

उक्त टैण्डर दिनांक 26.12.2025 को समय सांय 04:00 बजे सचिव मेला समिति बरमानखुर्द एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चांवरपाठा के कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग गाडरवारा एवं नोडल अधिकारी मेला समिति बरमानखुर्द की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा फार्म, प्रत्येक मद का ब्यौरा व शर्ते इत्यादि की जानकारी कार्यालय जनपद पंचायत चांवरपाठा सोमवार से शुक्रवार कार्यालयीन समय में देखी / प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि नगद के अतिरिक्त निविदा फार्म की शुल्क राशि 1000/-रुपये नगद जमा कर प्राप्त कर सकते है ।

**सचिव**
**मेला समिति बरमानखुर्द एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जनपद पंचायत चांवरपाठा**